हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 20 मई, 2025


तापमान

अधिकतम 48.8 डिग्री
न्यूनतम 25.3 डिग्री


11 देश के वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी...



12 राष्ट्र कल्याण के लिए किया जाने वाला शोध ही सार्थक...




## खबर संक्षेप

### महाराजा अरुट जयंती व शहीदों की याद में हवन

**हिसार।** महाराजा अरुट सभा ने महाराजा अरुट जयंती व पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों की याद में 25 मई को हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर में हवन व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। महाराजा अरुट सभा के प्रधान मेहरचंद मनचंदा व महासचिव जितेंद्र भारती ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लगाए जाने वाले शिविर से पहले सुबह 9 बजे हवन और फिर 10.30 बजे रक्तदान शिविर की शुरुआत की जाएगी।

### मछली पकड़े जाने पर दो पक्षों में विवाद,घायल

**उकलाना मंडी।** भाखड़ा नहर में मछली पकड़े जाने को लेकर कुछ लोगों में यहां विवाद हो गया। इसके चलते हुई मारपीट में युवक को पीटकर घायल कर दिया गया। गांव कुंदनपुर के कुछ लोग भाखड़ा नहर पर मछली पकड़ रहे थे, तभी पड़ोसी गांव पारता से आए पांच-छह युवकों ने उनसे मछली पकड़ने पर आपत्ति जताई। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई, जो जल्द ही हाथापाई में बदल गई। वहां मौजूद सत्यवान, जो पानी पीने आया था और हमलावरों के निशाने पर आ गया। पारता गांव के दो युवकों ने सत्यवान पर पीछे से ईंट से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर बाइक लेकर फरार हो गए। घायल सत्यवान को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बीएसएनएल एक्सचेंज से कॉपर वायर चोरी

**हिसार।** जिले के अग्रोहा थाना क्षेत्र में स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज से कॉपर वायर चोरी होने का समाचार है। चोरी हुए वायर की कीमत लगभग 22 हजार रुपये बताई गई है। इस संबंध में बीएसएनएल आदमपुर में तैनात जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर (जेटीओ) राजेश कुमार ने अग्रोहा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। राजेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि गत दिवस जब वह अग्रोहा स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज में पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि वहां रखी लगभग 10 मीटर लंबी डीसी कॉपर पावर केबल गायब है। इस केबल की अनुमानित कीमत 22 हजार रुपए बताई गई है।

## यूट्यूबर और पाकिस्तान जासूस ज्योति की कलंक कथा

# ज्योति ने पहलगाम हमले के बाद पर्यटकों-सरकार पर उठाए थे सवाल

पाक से लौटने के तुरंत बाद चीन, भूटान, नेपाल गई। थाइलैंड में भारतीय समाज के लिहाज से उसने कई आपत्तिजनक वीडियो भी बनाए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति ने पहलगाम हमले के बाद पर्यटकों व सरकार को कोसा था। उसने सुरक्षा पर सवाल उठाने के साथ-साथ पर्यटकों को भी सला दे डाली थी। ज्योति के वीडियो देखने से साफ की चलता है कि पहलगाम 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के समय उसने पाकिस्तान या आतंकियों को कोसने की जगह भारत की तरफ से सुरक्षा पर सवाल उठाए थे। ज्योति मल्होत्रा ने कहा था कि पहलगाम घटना के लिए भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियां जिम्मेदार हैं। इसमें सिर्फ सरकार की ही नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की भी जिम्मेदारी है, जो घूमने जाता है। उसे सतर्क रहना चाहिए। मैं जानती हूं कि कश्मीर में हर जगह सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। वहां बड़ी संख्या में सेना और पुलिस बल मौजूद रहते हैं। फिर भी अगर यह घटना हुई है, तो कहीं न कहीं हम भी दोषी हैं। हम सतर्क नहीं थे, जिसकी वजह से यह सब हुआ। हमें सतर्क और जिम्मेदार होना चाहिए। अगर किसी ने उन आतंकवादियों की मदद की है, तो वह भारतीय नहीं है। जो भी उन आतंकवादियों का साथ दे रहा है, वह बहुत गलत कर रहा है। इसके लिए हम सब जिम्मेदार हैं, हमारी सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि कहीं न कहीं सुरक्षा में कमी रह गई, वहां सुरक्षा में चूक हुई। कुछ तो गड़बड़ हुई, जिसकी वजह से इतना बड़ा हमला हुआ।



**हिसार।** लाहौर में ज्योति को चाय देता एक पुलिस कर्मचारी। *(फाइल फोटो)।*

### लाहौर में पुलिस के साथ चाय पी ज्योति ने

भारत से अटारी बॉर्डर क्रॉस कर वाघा पहुंची ज्योति ने पहले दिन लाहौर जाकर पाकिस्तान की हरी ट्रेन का वीडियो बनाया। इसी वीडियो में एक पुलिसवाला उसे चाय के तीन कप पकड़ाता हुआ नजर आता है। ट्रेन में ज्योति पाकिस्तान के पुलिसवाले के साथ चाय शेयर करती है और इसे पीने से पहले कप टकराते हुए चीयर्स भी कहती है। लाहौर के एक स्टेशन पर पुलिस वाले उसे बिस्किट भी देते हैं। इस पर ज्योति उनसे इसके पैसे पूछती है। पहले पुलिसवाले रेट नहीं बताते। बहुत पूछने पर कहते हैं कि 50 रुपए का एक पैकेट है। इस पर ज्योति कहती हैं कि इतने महंगे, ये तो इंडिया में 5 रुपए में मिल जाता है।

### पाकिस्तान का वीजा लगने पर खुशी दिखी ज्योति

पिछले साल 2024 में ज्योति पाकिस्तान गई थी। उसके यूट्यूब चैनल 'ट्रेवल विद जो' में उसने इनकी जानकारी दी। दस दिन का वीजा लगने के बाद वह काफी खुश दिखी। पाकिस्तान जाने से पहले उसने अमृतसर में श्री दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद बाहर बने कॉरिडोर में वीडियो शूट कर बताया कि उसका 10 दिन का पाकिस्तान का वीजा मिला है। एक साल की मेहनत के बाद ये वीजा मिल पाया है। ज्योति ने वीडियो में बताया कि अब वह पाकिस्तान जाकर लाहौर और वहां की लाइफ दिखाने वाली है।

### पाकिस्तान पर 10 से ज्यादा वीडियो बनाए

ज्योति ने 10 दिन के टूर के दौरान पाकिस्तान पर 10 वीडियो बनाए हैं। ज्योति ने इस टूर को 10 दिन का बताया है, लेकिन उसकी फेसबुक पर एक महीने तक वीडियो अपलोड होते रहे। पिछले वर्ष 2024 में ज्योति जब ननकाना साहिब और फर्रुखाबाद गई तो उसने वहां के भी वीडियो अपलोड किए। फेसबुक पर इनके वीडियो को एक साल में 1.9 मिलियन व्यूज मिले हैं और 2575 लोगों ने कमेंट किया है।

### राजस्थान के गांव में पूछा पाक में आपका कौन है

ज्योति के यूट्यूब चैनल पर पोस्ट हुए वीडियो से पता चला कि वह राजस्थान के थार में एक बॉर्डर विलेज में रात भर रही। यहां की औरतों से पूछा कि यहां से पाकिस्तान कितनी दूर है। वहां पर आपका कौन रहता है। वीडियो में ज्योति ने फेंसिंग भी दिखाई। इसमें वह कहती नजर आ रही है कि 'वो देखो एक बकरी अभी-अभी पाकिस्तान की तरफ से बॉर्डर क्रॉस करके आ रही है।' राजस्थान के थार में बॉर्डर से लगते गांव में ज्योति ने लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की थी कि पाकिस्तान में उनके कौन से रिलेटिव रहते हैं।

### भारत के बार्डर से लगते हर देश में गई ज्योति

ज्योति ने एक साल के भीतर जितने भी ट्रैवल ब्लॉग बनाए हैं, उनमें उसका फोकस उन्हीं देशों पर रहा जिनकी बाउंड्री भारत के साथ लगती है। पाकिस्तान से लौटने के तुरंत बाद वह चीन, भूटान, नेपाल गई। यहां पर कई वीडियो बनाए। थाइलैंड के दौरे पर भारतीय समाज के लिहाज से उसने कई आपत्तिजनक वीडियो भी बनाए हैं।



**नारनौंद।** घटना स्थल पर पुलिस जांच करती हुई व अंकित की फाइल फोटो।

# फिंगर चिप्स मांगने को लेकर कारिंदे ने की ग्राहक की हत्या

- पुलिस ने एक नामजद समेत 5 अन्यों पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

शहर में नए बस स्टैंड के सामने रविवार की रात को एक होटल में तीन युवक फिंगर चिप्स खाने के लिए पहुंचे और फिंगर चिप्स को लेकर आपस में अनबन हो गई। होटल के कारिंदे ने गुस्से में आकर तेजधार हथियार से एक युवक पर वार कर दिया। इसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित दिया। मौके पर थाना प्रभारी बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे लेकिन तब तक होटल से सभी युवक फरार हो चुके थे। सोमवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने एक नामजद युवक सहित पांच अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है। सभी आरोपित युवक फरार हैं। गांव राजपुरा निवासी अमन ने बताया कि उसका भाई अमन अपने दोस्त कपिल, अनूप के साथ किसी काम से रात को नारनौंद गए थे। वह बस स्टैंड के सामने एक होटल में फिंगर चिप्स खाने लगे तो होटल के कारिंदे भैणी अमीरपुर निवासी प्रदीप के साथ उनकी फिंगर चिप्स को लेकर बहस हो गई। तैश में आकर प्रदीप ने तेजधार हथियार से 24 वर्षीय अंकित पर वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। और अंकित को इलाज के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के भाई अमन के बयान पर भैणी अमीरपुर निवासी प्रदीप सहित पांच अन्य पर मामला दर्ज कर लिया है।

### सभी को जल्द पकड़ा जाएगा: थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई थी लेकिन तब तक सभी युवक वहां से फरार हो चुके थे। मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपितों के ठिकाने पर दबिश दे रही है। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

# लोकसभा की टिकट दिलवाने के नाम पर 63 लाख की धोखाधड़ी, पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़ा

- कोर्ट ने 6 दिन के रिमांड पर भेजा

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने लोकसभा की टिकट दिलवाने के नाम पर 63 लाख 88 हजार रुपए की धोखाधड़ी मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान नई दिल्ली के राजेन्द्र नगर निवासी कपिल व गुरुग्राम की दयाल मार्केट निवासी सनेहआशिष के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपियों ने हांसी की न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी प्रवीन गोदारा को 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी टिकट दिलवाने के नाम पर फरवरी 2024 में 63 लाख 88 हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। लेकिन उसके बाद दोनों आरोपियों ने मामला दर्ज होने के डर से शिकायकर्ता के खाते में 26 लाख रुपये वापिस डलवा दे दिए। शहर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।



# वरिष्ठ नागरिकों ने बनाया मेलोडीज ऑफ हिसार ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के चुनिंदा शौकीन संगीत प्रेमियों ने मिलकर मनोरंजन व उल्लास सहित जीने की कला को विकसित करने के लिए मलोडीज ऑफ हिसार ग्रुप का गठन किया है। साथ ही उन्होंने सदाबहार गीतों की धुनों से कराओ के विधा का पहला आयोजन किया। इस ग्रुप की विशेषता यह है कि इसमें अधिकांश संगीत प्रेमी वरिष्ठ नागरिक, प्रमुख व्यवसायी तथा समाजसेवी हैं। मलोडीज ऑफ हिसार ग्रुप का पहला आयोजन पारिवारिक माहौल में महिलाओं सहित सहयोगियों व मित्रों की उपस्थिति में पूरी भव्यता व आनंद सहित सम्पन्न हुआ।



**हिसार।** मलोडीज ऑफ हिसार ग्रुप के सदस्य पहले कार्यक्रम का आनंद लेते हुए।

### पहले आयोजन में 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

ग्रुप के पहले आयोजन में लगभग 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य रुप से वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल, डॉ. केके वर्मा, डॉ. महेन्द्र चुघ, अरविंद सोनी, महेन्द्र सोनी, नवीन गांधी, पीडी वर्मा, मुकेश सोनी, राजेन्द्र जाखड़, डॉ. आरके सैनी, शैलेश वर्मा, अनिल सोनी, डॉ. पटेल स्वामी, आरके भारद्वाज, राकेश सोनी, अश्वनी आसू, त्रिभुवन बख्शी, जितेन्द्र शर्मा, तरुणा कपूर, अन्नू बतरा सहित कई बच्चों ने भी भागीदारी की।

### किसान को किया घायल

**हिसार।** पुरानी रंजिश के चलते अग्रोहा क्षेत्र के गांव नंगथला में किसान पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला करके उसे घायल कर दिया। घटना के समय जब किसान अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए गांव के जोहड़ पर जा रहा था। पीड़ति किसान शिवकुमार ने अग्रोहा थाना पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और घटना वाले दिन सुबह जब वह जोहड़ की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में एक गाड़ी उसके पास रुकी। उसमें से गांव का अशोक झाबा और एक अज्ञात युवक गाड़ी में ही बैठा रहा। अशोक ने शिवकुमार से 2018 में उनके खिलाफ दिए गए बयान को लेकर उलाहना दिया। दोनों गाड़ी लेकर चले गए। कुछ देर बाद जब शिवकुमार जोहड़ पर भैंसों के साथ बैठा था तो अशोक और अज्ञात युवक फिर से गाड़ी से उतरे। अशोक ने कुल्हाड़ी से शिवकुमार के सिर और बाएं हाथ पर वार किया।

# खजाना राम ने जीजेयू के डिप्टी रजिस्ट्रार पद से रिटायर्ड होने के बाद बदल दी शहर की तस्वीर

- पिछले 6 वर्षों से पर्यावरण के क्षेत्र में दे रहे उल्लेखनीय योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रिटायर्ड होने के बाद लोग अपने घर बैठ जाते हैं लेकिन ढाणी श्यामलाल निवासी खजाना राम ने पर्यावरण के क्षेत्र में खूब काम कर अपना सराहनीय योगदान दिया है। जीजेयू से डिप्टी रजिस्ट्रार पद से रिटायर्ड पिछले 6 वर्षों से ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार के सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं तथा आए दिन सुबह 4:30 बजे उठते हैं और सुबह 5 से 8:30 तक प्रतिदिन 3:30 घंटे नगर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए अपना योगदान देते हैं। ग्रुप के सदस्य हरि सिंह बताते हैं कि खजाना राम के सहयोग से आज शहर के कई किलोमीटर के रास्ते को स्वच्छ कर दिया है और लगभग 20 हजार पौधे लगा दिए जो अब वृक्ष बन गए हैं। हिसार की तस्वीर ऐसे योद्धा से बदल गई, वैसे तो हर वर्ष हजारों व्यक्ति रिटायर्ड होते हैं अगर वे किसी समाज के लिए थोड़ा-थोड़ा कार्य करें तो पूरे शहर की तकदीर बदल सकते हैं। रिटायर्ड आदमी के पास हर तरह का अनुभव होता है। खजाना राम इसी कड़ी में एक मिसाल हैं। न उन्हें मोबाईल चलाने का शौंक और न ही व्हाट्सएप या फेसबुक में कोई रुचि है। उनका अब केवल एक ही शौंक है-हर सुबह स्वच्छता और वृक्षारोपण के लिए कार्य करना। अपने आप में एक मिसाल हैं खजाना राम।



**हिसार।** ग्रीन ग्लोबल ग्रुप हिसार के वरिष्ठ सदस्य खजानाराम पर्यावरण के लिए काम करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### हर एक में कुछ अलग से करने की होती है क्षमता

ग्रुप के सदस्य हरिसिंह ने बताया कि हर एक आदमी में कुछ न कुछ अलग से करने की क्षमता होती है। वे कुछ वर्ष पहले अपनी धर्मपत्नी माया व कुछ सदस्यों के साथ खजानाराम के घर के सामने डंपिंग ग्राउंड को साफ कर रहे थे तो पहली बार उनसे मुलाकात हुई। इसके बाद वे हमारे ग्रुप के सदस्य बन गये और पिछले 6 वर्षों से आज तक नित्य प्रति अपना श्रमदान कर रहे हैं।


## श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

(संस्था श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय) भगत सिंह रोड , हांसी

*अध्यापकों की लगन, प्रबंधकों का अनुशासन, अभिभावकों का सहयोग, विद्यार्थियों के भविष्य की सुंदर कल्पना का परिणाम*

15 Board Merits

100 % Result

*Result of session 2024-2025 Class - X*



*Nishu 92.4 %*



*Sheetal 91.2 %*



*Pari 90.6 %*

SUBJECT WISE TOPPERS
Hindi (98) – Pari English (98) – Anita Sanskrit (98) – Hitanshi Physical Education (97) – Pari, Nishu
Social Studies (94) – Nishu Science (92) – Sheetal Maths (74) - Shardha

**All students scored first position**

*Result of session 2024-2025 Class - XII*

*XII-Humanities*

18 Board Merits



Anushka 86%



Oshanik 85.4%



Riya 85%

*XII-Commerce*

100 % Result



*Neha 88.4%*



*Sneha Saini 82.6%*



*Harpreet 80.6%*

*XII-Science*



*Jiya 76.2*



*Divya 73.6%*



*Priyanka 71.4%*

*Subject Wise Toppers*
Neha - Acc.- 99 -, Eng. - 98 , Hin.-87 Anushka - Phy.Ed.- 97, Pol.Sci.-93 Riya - Eco.- 95, Comp. Sci.- 90
Harpreet - Eco.- 95 Vanshika - Skt.- 91 Jyoti -Fine Arts - 91 Khushi - Fine Arts -91 Priyanka - Business Study -85

School code -06150
S.S.D Kanya Senior Secondary School,
Bhagat Singh Road ,Hansi
Affiliated to HBSE Bhiwani Board Hansi ,Hisar

Admission Open for the session (2025-26)
For any query contact us : 8278285288, 8572814188
ssdkanya@gmail.com,ssdkanya@yahoo.com
https://www.facebook.com/ssdkanya.hansi
https://www.youtube.com/@ssdkanyaschool2889

संरक्षक श्री सज्जन कुमार अग्रवाल | अध्यक्ष श्री प्रीतम कुमार गोयल | प्रबंधक श्री रजत कुमार अग्रवाल | उपप्रबंधक श्री ईश्वर कुमार गोयल
महामंत्री श्री नकुल कुमार अग्रवाल | कोषाध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत गोयल | प्राचार्या श्रीमती रेनू बंसल

हरिभूमि

# सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

## सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी

घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्प:** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारें:** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचें:** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।

**कुछ नया सीखें:** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरें नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।

**असफलता से डरें नहीं:** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनें:** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

**कभी दूसरों से तुलना न करें:** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्य:** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंज:** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी।

## जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।



**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते:** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रिया:** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करें:** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राह:** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है।

मैरीड लाइफ

संध्या सिंह

शायद ही कोई ऐसे पत्नी-पत्नी हों, जिनके बीच तकरार न होती हो। तकरार के कारणों का लंबे समय तक बना रहना, दांपत्य जीवन के लिए घातक है। दंपती टकराहट से बचकर आपसी सामंजस्य और सौहार्द से सुखी दांपत्य जीवन की राह पर आएं। ऐसा करना कठिन नहीं है।

## कहीं आप हमेशा तकरार के अंदाज में तो नहीं रहते



पति-पत्नी के रिश्ते में अकसर तकरार होती ही रहती है। कोई भी नई-नवेली दुल्हन जब ससुराल में कदम रखती है तो उसे यहां आकर अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी, ननद, जेठ-जेठानी और उनके बच्चों से अपने रिश्ते निभाने पड़ते हैं। साथ ही उसे अच्छी, सर्वगुण संपन्न सुशील बहू का भी रोल निभाना पड़ता है। घर-परिवार में पति-पत्नी के अलावा घर के दूसरे सदस्यों से भी कहा-सुनी हो ही जाती है, इसका इन रिश्तों पर जहां बुरे प्रभाव पड़ते हैं, पति के साथ भी तकरार, कलह-तनाव का कारण बनती है। लेकिन समझदार दंपती अपने दांपत्य को मधुर बनाए रखने के लिए सामंजस्य बैठाकर चलते हैं।


**पति के माता-पिता को लेकर गुस्सा न करें:** अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण पति द्वारा अपने माता-पिता को प्रेम और सम्मान देना होता है। कई पत्नियां ऐसी होती हैं, जिन्हें यह बात गले नहीं उतरती कि उनका पति अपने माता-पिता की सारी ख्वाहिशों को पूरा करे। अगर पति अपने माता-पिता पर खर्च करे, ऐसे में पत्नी कुछ ऐसी स्थितियां पैदा करती है कि दोनों के बीच उन्हें लेकर तकरार हो ही जाती है। पत्नी को समझना चाहिए कि पति पर उसके माता-पिता का अधिकार, पत्नी से भी कहीं ज्यादा है। माता-पिता ही उसकी जन्म से परवरिश करते हैं, दुनिया से रूबरू कराते हैं, निश्चित ही वे प्रेम और आदर के अधिकारी हैं। ऐसे में पति द्वारा अपने माता-पिता पर ध्यान देने पर पत्नी को कलह नहीं करनी चाहिए।

**ओवर रिएक्ट करने से बचें:** अकसर पत्नियां घर में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी की बातों और तानों को सुनकर गुस्से से जवाब देती हैं। इससे कई बार लड़ाई की नौबत भी आ जाती है। उनकी बातों पर ओवररिएक्ट करने के बजाय जहां बातें हो रही हों, वहां से उठकर चली जाएं। कहते हैं न, जहां दो बर्तन होते हैं, वो एक-दूसरे से टकराते ही हैं। तो ये रिश्ते भी ऐसे होते हैं, जिनमें थोड़ी बहुत तकरार चलती है। आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहे, इसलिए कुछ मामलों में चुप्पी साधना ही बेहतर है।

**सही समय पर करें शिकायत:** पति के मूड को देखकर सोच-समझकर बोलना चाहिए। पति के ऑफिस से लेट आने, दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमने के कारण भी कुछ पत्नियां कलह करती हैं। पत्नी को चाहिए कि वह भीतर से भले ही गुस्सा हो, लेकिन गुस्से को सही समय पर व्यक्त करे। अगर पति का मूड खराब है तो चुप रहना ही बेहतर है। उनका मूड जब सही हो जाए तो उनसे पूछ सकती हैं, 'कल इतनी देर तक कहां थे?' समझदार पति सच बता देते हैं। अगर झूठ भी बोलें तो उन्हें अगली बार सच बोलने का मौका तो दें। कहने का मतलब है कि उनके घर में घुसते ही उन पर फायर न हों।

**घर के कामों में पति का लें सहयोग:** जिन घरों में पत्नियां कामकाजी होती हैं, वहां काम की अधिकता अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण बन जाती है। कई पति, पत्नी का हाथ इसलिए भी नहीं बंटा पाते, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें कोई न कोई कमी पत्नी निकाल ही देती है। ऐसे में उन्हें लगता है, दूर रहने में ही भलाई है। कई पति तो घर के कामों को इसलिए नहीं करते, क्योंकि वे इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ समझते हैं। ऐसे पतियों को समझना चाहिए, आज समय बदल चुका है। उन्हें पत्नी के कामों में हाथ बंटाना चाहिए।

**चुप रहना सिर्फ पत्नी नहीं, पति की भी जिम्मेदारी:** चुप रहना केवल पत्नी की ही जिम्मेदारी नहीं होती। कुछ मामलों में पति ही ज्यादा लड़ाई के लिए उकसाने वाले साबित होते हैं। कई मौकों पर पति को भी चुप्पी साधनी चाहिए। चुप्पी साधकर असलियत का पता लगाने के बाद ही पत्नी से इस बावत कोई बात करें। छोटी-छोटी गलतियों पर अपनी पत्नी को दूसरों के सामने बेइज्जत न करें, इसलिए खामोशी पत्नी या पति की हार नहीं बल्कि दोनो की जीत होती है।




केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर

समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।



**सनस्क्रीन:** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।

**स्क्रबिंग:** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्क:** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यान:** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं।

एडवाइस

डॉ. अविनाश कुमार

एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

## बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सही:** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेस:** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएं:** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएं:** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएं:** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेन:** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमण:** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें।

प्रस्तुति: अलका 'सोनी'

# 21 धूणों के बीच तपस्या में बैठे महंत सुखदेवानंद

## संतों महात्माओं का जीवन होता है समाज की भलाई के लिए : महंत राजेश्वरानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम के प्रांगण में आश्रम के संचालक एवं गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याण के लिए महंत सुखदेवानंद महाराज भीषण गर्मी में गुरु महाराज जी के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आश्रम के प्रांगण में 21 दिनों के लिए धूणों के बीच समाधी लगाकर तपस्या पर बैठे है।


हिसार। 21 धूणों के बीच तपस्या करते महंत सुखदेवानंद महाराज।

### श्रद्धालुओं ने तपस्या स्थल की परिक्रमा की

सोमवार तपस्या पर बैठने से पूर्व विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई व श्रद्धालुओं ने महंत सुखदेवानंद महाराज के साथ तपस्या स्थल की परिक्रमा की। इस मौके पर आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने फरमाया कि संतों महात्माओं का जीवन दूसरों की भलाई के लिए होता है। संत महात्मा विपदा आने से पूर्व अपने अनुयायियों को अवगत करवा देते हैं व उन्हें विपदा से दूर करते हैं। वह हमेशा अपने भक्तों को भलाई का मार्ग दिखाते हैं। महंत राजेश्वरा नंद महाराज ने गुरु महाराज जी के स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया व गुरू महाराज को दंडवत किया। इस अवसर पर महंत राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि आगामी 8 जून ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 श्री ओमानंद महाराज के नवनिर्माण दिवस पर संतों की उपस्थिति में तपस्या का समापन होगा। इस मौके पर जय वीर डूडी, सुधीर गोदारा, रमेश, बंशो, सीता, रामप्यारी, शारदा, रोशनी, प्रेम, लीलो, सीमा, कृष्णा, प्रवीण जांगड़ा, राजबीर सिंह, अजीत सिंह हलवाई, जय भगवान खर्ब आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

■ विद्यालय की 18 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा के परिणाम में राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुम्हारिया का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

विद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता मदन गोपाल आर्य ने बताया कि विद्यालय की 27 छात्राओं ने यह परीक्षा दी तथा सभी छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय की 18 छात्राओं ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की है जिनमें कोमल, नैन्सी, ललिता व ज्योति ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है तथा 14 छात्राओं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 9 छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा कोमल बिश्नोई ने 470, नैन्सी कसाना ने 467 व ललिता शर्मा ने 454 अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर प्रथम ,द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा, सरपंच सुरेश डाबला व एसएमसी की प्रधान सुनीता शर्मा ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी प्राध्यापकों, अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक से साइबर ठगी खाते से दस हजार साफ

**फतेहाबाद।** गांव मताना में कार्यरत सरकारी अध्यापक साइबर ठगों का शिकार बन गया। ट्रेडिंग कर कमीशन कमाने के लालच में ठगों ने उससे 10 हजार रुपये हड़प लिए। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर, खेमाखती रोड निवासी राजीव कुमार ने कहा है कि वह राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मताना में अध्यापक के पद पर कार्यरत है। कुछ समय पूर्व उसके मोबाइल पर व्हाटसएप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि अगर वह ट्रेडिंग करने का इच्छुक है तो उनसे सम्पर्क कर ट्रेडिंग कर सकता है। उसको उसकी जमा की हुई राशि का अच्छा कमीशन मिल जाएगा। कमीशन कमाने के लिए उसने ट्रेडिंग के लिए हां कर दी।

### टोहाना में चौक का नाम अरूट महाराज के नाम पर करने की मांग

**टोहाना।** शहर के रतिया रोड स्थित मारुति एजेंसी के सामने चौक का नाम अरूट महाराज के नाम से करने की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से मुलाकात की। इस दौरान बराला ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक्सइन लोक निर्माण विभाग के नाम भेज दिया ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके। बराला के नाम दिए ज्ञापन में अरोडा खत्री पंजाबी पंचायत की बैठक में 30 मई को महाराजा अरूट जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर भाजपा नेता मौजूद रहे।

### अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चोपटा।** गांव दड़बा कलां के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल में अव्वल छात्रों को स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार ने सम्मानित किया। सरपंच संतोष बैनीवाल ने बधाई दी और विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

## किरतान में तिरंगा यात्रा निकाली, उमड़ा जनसैलाब

# देश के वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे

### यात्रा को मुख्य अतिथि पंच कुलदीप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नेहरू युवा केन्द्र व आजाद हिन्द युवा क्लब ओर से संयुक्त रूप से गांव किरतान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को मुख्य अतिथि पंच कुलदीप राजेरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि देश के वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे देश के प्रति विरोधी गतिविधियों ने जो सिंदूर का अपमान किया था इसका बदला भारतीय जवानों ने उनके देश में घुसकर लिया है और उनको यह बता दिया कि हमारे देश का सिंदूर कमजोर नहीं है। हमारा देश भारत इतना कमजोर नहीं है। पूरी दुनिया में भारत की पहचान है कि वह दुनिया में कभी भी डरे नहीं, लड़ना जानते हैं और मारना भी जानते हैं।


इस मौके पर कोमल लता, सुमित सिंह खारड़िया, उप स्वास्थ्य केंद्र से आए डाक्टर फतेह सिंह, डॉक्टर कुसुम कुमारी, डाक्टर सिलोचना, डाक्टर मुकेश, प्रोमिल आर्य, अनीता आर्य मौजूद थे।


हिसार। तिरंगा यात्रा निकालते छात्र।


हिसार। वार्षिक बैठक में हिस्सा लेते पूर्व नौसैनिक एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

### पूर्व सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं के साहस को सराहा

हिसार पूर्व नौसैनिक एसोसिएशन हिसार इकाई की वार्षिक बैठक जिमखाना क्लब में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सुभाष कुंडू ने की। बैठक में भारतीय सेनाओं द्वारा हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए शौर्य, पराक्रम और बलिदान की भूरि-भूरि सराहना की गई। उपस्थित पूर्व सैनिकों ने ऑपरेशन में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। बैठक के दौरान संगठन के सचिव जय नारायण जाखड़ एवं उप प्रधान राम प्रसाद ने एसोसिएशन का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ उप प्रधान जयप्रकाश, आत्मा राम शर्मा तथा लेफ्टिनेंट (सेवानिवृत्त) अतर सिंह सहित कई वरिष्ठ सदस्यों ने विचार साझा करते हुए सैनिकों के हित में कार्ययोजना प्रस्तुत की। पूर्व सैनिकों ने हरियाणा सरकार द्वारा शहीद परिवारों को दी जाने वाली सहायता राशि को 1 करोड़ रुपये तक बढ़ाने पर सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही यह मांग की कि वर्ष 2014 से वीरता पुरस्कारों के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जिसे अब बढ़ाया जाना चाहिए। बैठक में रणबीर सिंह, प्रदीप, राकेश, राजकुमार, ईश्वर, सुरेंद्र, अशोक, महिपाल, बलवान सिंह, नसीब खान, राजेश, सोमवीर, संजय, अनिल, प्रमोद, प्रताप, शिव प्रकाश, अरविंद, पंकज, नीरज, सुमित, मनदीप, नरेंद्र, कुलबीर, युद्धवीर, रघुवीर, संदीप, राजीव, रन सिंह, रामपाल, कर्मवीर, आत्माराम, सतबीर सहित अनेक पूर्व नौसैनिकों ने भाग लिया।


हांसी। दसवीं कक्षा में बोर्ड मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या मंजू रानी व उर्मिला शर्मा उनके साथ हैं स्कूल सचिव रेनू बंसल

# एलडीएसडी स्कूल व पीसीएसडी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में एलडीएसडी पब्लिक स्कूल व पीसीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं कक्षा के पंद्रह विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की व दोनों विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा।

स्कूल प्राचार्य मंजू रानी व उर्मिला शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र गौरव, दीपक, संजय, कीर्ति, राहुल, सुमित व दीपांशु इत्यादि ने बोर्ड मेरिट प्राप्त कर दसवीं कक्षा पास की और अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान नीरज बंसल ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व विद्यालय के शिक्षकों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव रेनू बंसल ने विद्यालय में पहुंच विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। दोनों विद्यालयों की प्राचार्या व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुशील गोयल ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालो पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने गांव भोड़िया बिश्नोइयान बस स्टेंड के पास से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद किया है। मुख्य सिपाही सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव भोड़िया बिश्नोइयान बस स्टेंड के पास से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गांव भोड़िया बिश्नोइयान निवासी अमित उर्फ मीतू बताया। तलाशी लेने पर उक्त अमित उर्फ मीतू के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तोल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पिस्तोल व कारतूस कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव धांसू में 12वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं इशू, रेखा तथा लक्ष्मी और दसवीं में दीक्षा, मुस्कान, बबीता तथा पुष्पा तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय श्री मोहनलाल बेनीवाल ने विद्यालय के 10वीं तथा 12वीं कक्षा के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम और 24 बोर्ड मेरिट के लिए समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पार्षद ओम प्रकाश मालिया, सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्टाफ व श्रेष्ठ स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों, एसएमसी सदस्यों सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी।


हिसार। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# 21वीं इंटर डोजो कराटे चैंपियनशिप में छाए

**हिसार।** श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल, बगला रोड व सूरज स्पोर्ट्स अकेडमी में 21वीं इंटर डोजो कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सूरजसेवा फाउंडेशन एवं जिला बाल भवन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इसमें 32 स्कूलों एवं खेल संस्थाओं से लगभग 750 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। सूरजसेवा फाउंडेशन के निदेशक व एशियन कराटे रेफ़री हरीश सिराधना ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार, विश्व हिंदू परिषद से प्रवीण गुप्ता, श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल के अध्यक्ष प्रो. सत्यनारायण टेलटिया एवं प्रिंसिपल नीरू भाटिया ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल ने 11 स्वर्ण ,13 रजत पदक और 12 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजवीर भाटीवाल, उप मुख्याध्यापिका वंदना व कराटे कोच विकास मणकस ने बच्चों को प्रोत्साहित किया व बधाई दी।


हिसार। प्रसन्नचित मुद्रा में विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# छात्राओं के लिए सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ राजकीय कन्या उच्च विद्यालय राजली का 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय राजली का 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया।

जिसमें हमारे स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा और 22 छात्राओं में से 8 छात्राओं ने परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त की। निशु पुत्री जगमनदर ने कक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, वहीं चिराग पुत्री कुलदीप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

ललिता पुत्री मुकेश और नीतिशा पुत्री सुरिन्द्र ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रुचि, काफी, मनीषा और प्रीति ने भी मेरिट हासिल की। इस अवसर पर आज सोमवार को विद्यालय प्रांगण में सभी छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। स्कूल डी. डी. ओ. सुभाष, स्कूल इंचार्ज वरुण सिंह, स्कूल के समस्त एस. एम. सी. सदस्यों और सभी स्टाफ सदस्यों ने इस सफलता पर सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई।

# स्वामी स्मरणानंद व आद्यानंद ने ध्यान के विविध पहलुओं से करवाया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा मिडटाउन ग्रेंड में आयोजित किए गए दो दिवसीय सत्संग व ध्यान शिविर का समापन हुआ। द्वितीय दिवस योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद गिरी जी व नोएडा में योगदा सत्संग आश्रम की शाखा के प्रभारी स्वामी आद्यानंद गिरी जी ने साधकों को ध्यान के विविध पहलुओं रूबरू करवाया। इसके साथ ही साधकों को क्रिया योग का अभ्यास भी करवाया गया। स्वामी स्मरणानंद गिरी ने साधकों को प्रातःकालीन सत्संग में ध्यान को गहरा व मधुर कैसे बनाएं विषय पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि योगदा सत्संग पाठमाला हमें ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव करवाती है।

शिष्य यदि परमहंस योगानंद जी की शिक्षाओं का नियमित निर्देशानुसार अनुसरण करता है तो वह किसी राय का मोहताज नहीं रहता। सायंकालीन सत्संग में स्वामी आद्यानंद गिरी जी ने संतुलित, आदर्श और आनंदपूर्ण जीवन विषय पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए सभी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक कर्तव्यों का उत्साहपूर्वक व एकाग्रता से पालन करना चाहिए। हिसार की योगदा सत्संग ध्यान मंडली की अध्यक्ष शबनम हंस ने बताया कि योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया भारत सहित अन्य देशों में 200 से अधिक केंद्रों, मंडलियों, रिट्रीट व आश्रमों की देखरेख करती है।


हिसार। सत्संग में प्रवचन देते स्वामी स्मरणानंद गिरी जी। फोटो : हरिभूमि

## ओशो ध्यान उपवन में सम्यक दृष्टि पर आधारित ध्यान सत्र आयोजित

# आनंद व खुशहाली के लिए सम्यक दृष्टि अपनाते हुए सकारात्मक जीवन जीएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ओशो ध्यान उपवन में सम्यक दृष्टि-सकारात्मकता पर ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लेकर ध्यान की विधियों का अभ्यास किया। इस दौरान साधकों को सम्यक दृष्टि अपनाते हुए सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वामी संजय ने कहा कि आनंद व खुशहाली के लिए सम्यक दृष्टि अपनाते हुए सकारात्मक जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंख हमेशा खुली और निर्दोष होनी चाहिए जैसे खाली दर्पण होता है। इसमें हमें सत्य स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यदि दर्पण पर धूल जमी हो या कोई रंग गिरा हुआ तो सत्य वैसा नहीं दिखाई देगा जैसा वास्तव में है। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि का तात्पर्य भी यही है कि सभी दृष्टियां छूट जाती हैं केवल सत्य रह जाता है।



# एसडीओ के समक्ष रखी दूषित पेयजल सप्लाई की समस्या

### पिछले 15 दिनों से दूषित पानी की सप्लाई आ रही और शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्यारोण की अध्यक्षता में सेक्टर के गणमान्य व्यक्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल एचएसवीपी के एसडीओ अनूप बूरा से मिला और उनके समक्ष सेक्टर-13 एवं 16-17 में आ रही दूषित पानी की सप्ताई की समस्या को रखा। इस प्रतिनिधिमंडल में मनविंद्र सेठी, सतीश गक्खड़, रोहित गोयल व कवीश पपनेजा आदि शामिल रहे। जितेंद्र श्योराण ने सैक्टर 13 एवं सैक्टर 16-17 में पानी की सप्लाई संबंध समस्याओं को एचएसवीपी के एसडीओ अनूप बूरा के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से उक्त सैक्टर्स में दूषित पानी की सप्लाई आ रही है और शिकायत के बावजूद समस्या जस क तस है। इससे लोगों के बीमार पडने का खतरा लगातार बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने जलघरों की सफाई की मांग भी एसडीओ के समक्ष रखी। एसडीओ अनूप बूरा ने बताया कि सेक्टर में दूषित पानी की समस्या का समाधान जल्द ही करवा दिया जाएगा।

# एचकेएसडी गर्ल्स स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत रहा


अंजन


निशु


भूमिका


वर्षा

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एच.के.एस.डी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 19 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की। विषयवार भी विद्यार्थियों ने अधिकतम अंक प्राप्त किए। फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक, अंग्रेजी व विज्ञान में 94 अंक, हिंदी में 91 अंक प्राप्त किए। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने बताया कि स्कूल की छात्रा अंजनी पुत्री नरेन्द्र शर्मा ने 451/500 अंक (90.2 प्रतिशत) लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पाया। निशु पुत्री सुभाष ने 448/500 अंक (89.6 प्रतिशत) लेकर द्वितीय स्थान, भूमिका पुत्री ध्यान सिंह व वर्षा पुत्री हरिप्रसाद ने 444/500 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिये प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर हासिल किए पदक

- प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षक सचिन को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने हांसी में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में ज़ीनत कादयान और आराध्या दलाल ने कांस्य पदक जीता जबकि केशव ने रजत पदक अपने नाम किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षक सचिन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि आपकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ने आज आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। मुझे विश्वास है कि आप इसी तरह अपने जुनून और समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहेंगे और आने वाले समय में भी अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय डायरेक्टर निहाल सिंह ने कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।


हिसार। प्रधानाचार्या के साथ पदक विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# परीक्षा परिणाम में जीएनजेएन गोयंका स्कूल की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- बच्चों को स्मृति चिन्ह व नकद राशी देकर आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल का 10 वीं कक्षा का परिणाम मेरिट पर आने पर स्कूल की मैनेजमेंट व स्टाफ में खुशी जाहिर की। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने बच्चों को स्मृति चिन्ह व नकद राशी देकर मिठाई वितरण करके आशीर्वाद दिया। गर्ग ने कहा कि जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल का 10 वीं कक्षा में हमेशा ही अव्वल स्थान पर रहा है। जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल स्थान में आता है। गर्ग ने कहा कि 10 वीं कक्षा में 100 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल की जैसमीन ने 97.6 प्रतिशत, रोशनी 97 प्रतिशत, किरण 97 प्रतिशत, मुस्कान 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष 98 छात्राओं में से 90 छात्राओं ने मैरिट व 8 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स इस अवसर पर प्रधान नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, प्रिंसिपल सत्येंद्र गोयल, मुख्याध्यापिका अंगूरी देवी, प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, उपप्रधान रमेश लोहिया, कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन आदि मौजूद थे।


हिसार। जीएनजेएन गोयंका गर्ल्स स्कूल के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि


हिसार। अलंकरण समारोह में स्कूल प्रबंधन कमेटी के साथ विद्यार्थी।

## रॉयल स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**हिसार।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में अलंकरण समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। समारोह का प्रारंभ सुबह 9 बजे सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसमें स्कूल हेड बॉय, स्कूल हेड गर्ल, खेल कप्तान और चारों सदनों के कप्तान व उप कप्तान मनोनीत किए गए। सर्वप्रथम स्कूल के हेड बॉय के रूप में कक्षा ग्यारहवीं से जितेंद्र और हेड गर्ल के रूप में कक्षा ग्यारहवीं से हर्षल का चयन किया गया। इसके पश्चात बोस सदन की कप्तान खुशी (कक्षा नौवीं), उप कप्तान तमन्ना (कक्षा नौवीं), नेहरू सदन का कप्तान सुमित (कक्षा ग्यारहवीं), उप कप्तान प्रिंस (कक्षा नौवीं), टैगोर सदन की कप्तान चेल्सिया (कक्षा ग्यारहवीं), उप कप्तान दिव्या (कक्षा नौवीं) तथा विवेकानंद सदन की कप्तान खुशमिता (कक्षा ग्यारहवीं) व उप कप्तान अंतिका (कक्षा नौवीं) को मनोनीत गया। स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में लड़को में निशांत (कक्षा नौवीं) तथा लड़कियों में हर्षिता (कक्षा नौवीं) को मनोनीत किया गया। स्कूल निदेशिका डॉ० ज्योत्स्ना और सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड) ने नवनिर्वाचित सदस्यों को सैशे पहनाया तथा बैज लगाया। स्कूल हेड गर्ल हर्षल ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलवाई। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह व स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती सुपर मार्केट से दो लाख की नकदी चोरी

**हिसार।** शहर के कैंप चौक के पास लगती मार्केट से अज्ञात चोर लगभग दो लाख की नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना पुलिस अधीक्षक के आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित सरस्वती सुपर मार्केट में हुई। यहां पर सोमवार तड़के अज्ञात चोर शट्टर के ताले तोड़कर अंदर घुसा और वहां से नकदी चुराकर फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करके अज्ञात चोर पर केस दर्ज किया।

### गणेश मार्केट में मोबाइल की दुकान में चोरी

**हिसार।** शहर की गणेश मार्केट स्थित एक मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर हजारों के मोबाइल चुरा ले गए। बताया जा रहा है कि चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और दुकान में काउंटर में रखे पुराने व कुछ नए मोबाइल चुरा लिए। दुकान स्वामी का कहना है कि सुबह जब दुकान के कारिंदे आए और ताले टूटे देखे तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

### नगर निगम की टीम ने 3 दुकानदारों के काटे चालान

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल के दिशा निर्देश पर सोमवार को चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने मॉडल टाउन के आस-पास के क्षेत्र से 3 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के 1500 रूपये चालान किए। इस दौरान टीम ने करीब 12 दुकानों का निरीक्षण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, रवि सिंधवानी मौजूद रहे।

### एकाग्रता पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हिसार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज केंद्र, मोहल्ला ज्योतिपुरा में ट्रांसपोर्ट विंग द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बीबी बांगा द्वारा एक ज्ञानवर्धक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। डॉ. बांगा ने बताया कि वाहन चलाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए एवं कौन-सी आदतें छोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षित और संयमित ड्राइविंग केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि मानसिक स्थिरता और सजगता की भी माँग करती है। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय खाना खाने से बचना चाहिए और हमेशा सीटबेल्ट अवश्य पहननी चाहिए।

### डीएसआर मशीन किराए पर उपलब्ध : उपनिदेशक

**हिसार।** जिले के किसानों में धान की सीधी बिजाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के पास उपलब्ध दो डीएसआर मशीनों को किराए पर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान मात्र 115 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से बैंक में चालान जमा कराकर इन मशीनों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं। मशीन की बुकिंग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय से की जा सकती है।

## एमएमटीटीसी के सौजन्य से पीएचडी इंटरेक्शन कार्यक्रम शुरू

# राष्ट्र कल्याण के लिए किया जाने वाला शोध ही सार्थक : प्रो बिश्नोई

कार्यक्रम में दो समूहों में 84 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है शोध तभी सार्थक हो सकता है जब वह राष्ट्र व समाज के कल्याण के लिए हो। जमीनी स्तर पर अच्छी तरह से किया गया शोध जीवन को आकार दे सकता है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) के सौजन्य से शुरू किए गए पीएचडी इंटरेक्शन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने की। इस अवसर पर कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं एमएमटीटीसी के उपनिदेशक डा. हरदेव व कोर्स कोऑर्डिनेटर डा. अनुराग सांगवान उपस्थित रहे। पीएम-ऊषा द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम 24 मई तक चलेगा।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने पीएचडी शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे शोध को बढ़ावा दें तथा उच्च स्तरीय शोध कार्य करके समाज व राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शोध केवल डिग्री पाने के लिए नहीं बल्कि देश व समाज के लिए उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शोध संसाधनों को बचा सकता है और नीति को प्रभावित कर सकता है। शोध हमेशा अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के बारे में नहीं होता। कभी-कभी एक छोटा सा नवाचार एक नई अंतर्दृष्टि व स्थायी परिवर्तन का कारण बन सकता है।

एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में दो समूहों में 84 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

साइंस एंड इंजीनियरिंग समूह में 54 तथा ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस समूह में 30 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कोर्स कोऑर्डिनेटर डा. अनुराग सांगवान ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उप निदेशक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डा. हरदेव ने धन्यवाद सम्बोधन किया।


हिसार। कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

# गुरुकुल आर्यनगर में आज मनाई जाएगी स्वामी देवानंद सरस्वती की पुण्यतिथि

- गुरुकुल के छात्र देशभक्ति की प्रस्तुतियां भी देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरुकुल आर्यनगर में 20 मई को गुरुकुल के संस्थापक स्वामी देवानंद सरस्वती की 40वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर गुरुकुल के छात्र देशभक्ति की प्रस्तुतियां भी देंगे। इस कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग मुख्यातिथि रहेंगे और सीकर के पूर्व सांसद व गुरुकुल के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम के संदर्भ में गुरुकुल में बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में गुरुकुल के कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य, उपप्रधान एडवोकेट सुभाष जांगड़ा, मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, मानद कुलपति पंडित रामस्वरूप शास्त्री, रामफल वर्मा, सुरेश कुमार शास्त्री, प्रबंधक कर्नल ओमप्रकाश, मुख्याधिष्ठाता इंद्र देव शास्त्री, सत्यव्रत आर्य, मान सिंह पाठक, एडवोकेट श्वेता शर्मा, विनय मल्होत्रा, निहाल सिंह डांगी, दीपचंद आर्य, राहुल आर्य, हिमांशु आर्य खोवाल, अश्विनी शास्त्री, कर्ण शर्मा व विनोद कुमार आर्य सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गुरुकुल के मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में हकृवि के रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, हकृवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन, प्रमुख समाजसेवी जिले सिंह टॉक, समाजसेवी संतोष कुमारी, प्रो. डॉ. केके वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।


हिसार। कार्यक्रम के संदर्भ में बैठक करते गुरुकुल के पदाधिकारी।

## एसबीएस स्कूल माढ़ा की यशिका स्कूल में रही प्रथम

**नारनौंद।** खंड नारनौंद के एसबीएस स्कूल माढ़ा का दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा ।इसमें 500 में से 491 अंकों के साथ के साथ यंशिका ने स्कूल में पहला 485 अंकों के साथ अंशिका ने दूसरा तथा 481 अंकों के साथ पुष्पांजलि ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 71 विद्यार्थियों में से 51 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल तथा 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। स्कूल के डायरेक्टर डाक्टर सुनील चहल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा है। हर वर्ष स्कूल के छात्र प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाते हैं।



नारनौंद। एसबीएस स्कूल माढ़ा में प्रतिभावान छात्रों के साथ स्कूल के डायरेक्टर सुनील चहल व अन्य।

# सैलून की दुकान के मालिक से मारपीट, गंभीर रूप से घायल

- आरोपी जान से मारने की धमकी देकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

वार्ड नं. 18 में सैलून की दुकान पर बिना वजह कुछ युवकों ने दुकान मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें दुकान मालिक मनजीत को गंभीर चोटें आईं। यह घटना शाम लगभग साढ़े 6 बजे मोती लुहार वाली गली में स्थित मनजीत की दुकान पर हुई, जब कुछ युवकों ने बिना किसी वजह के उसके साथ मारपीट की और ईंटों से हमला कर दिया।

बरवाला पुलिस को दी शिकायत में मनजीत ने बताया कि वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी वार्ड नंबर 18 के राहुल कुलदीप और वार्ड नंबर 15 के साहिल और मुगड़ वहां आए। उन्होंने मनजीत से उसकी दुकान पर काम करने वाले नसीब निवासी देवीगढ़ पुनिया के बारे में पूछा। मनजीत ने जवाब दिया कि नसीब वहां नहीं है और आने पर सूचना दे देंगे। इस बात को लेकर चारों युवकों ने मनजीत के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उसकी दुकान का शटर गिरा दिया। विवाद बढ़ने पर राहुल, कुलदीप, साहिल और मुगड़ ने मनजीत के साथ मारपीट शुरू कर दी। दुकान में मौजूद ग्राहकों ने शटर खोला, जिसके बाद मनजीत बाहर निकला लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और लात-मुक्कों से मारना शुरू कर दिया। इस बीच तीन अन्य अज्ञात युवक भी वहां आ गए और उन्होंने मनजीत को पकड़ लिया। इसके बाद सभी हमलावरों ने मिलकर मनजीत पर लात-मुक्कों और ईंटों से हमला किया। मनजीत किसी तरह बचकर अपनी दुकान की ओर भागा, लेकिन हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और स्कूटी व बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

# डेयरी संचालकों को आसान किस्तों में बिना ब्याज के प्लाट दिए जाने की मांग

- पशु डेयरी एसोसिएशन ने मेयर पोपली को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पशु डेयरी एसोसिएशन और डेयरी संचालकों ने सोमवार को मेयर प्रवीण पोपली से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मेयर को अपना मांग-पत्र भी दिया। एसोसिएशन का कहना है कि डेयरी संचालकों को आसान किस्तों में बिना ब्याज के प्लाट दिए जाए। उन्होंने बताया कि नगर निगम के द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से 342 प्लांटों की ऑक्शन की जा रही है। इसकी सूचना उन्हें समाचार पत्रों के माध्यम से मिली है। जबकि नगर निगम के 2023 सर्वे के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में कुल 596 डेयरी है।

डेयरी संचालकों ने मांग की हैं कि सभी डेयरी के प्लांट आवंटित के जाएं और बिना ई-ऑक्शन के आसान किस्तों व बिना ब्याज के प्लांट दिए जाएं। डेयरी का सर्वे करवाकर प्रत्येक डायरी की आईडी बनाई जाए ताकि बचे हुए सभी डेयरी संचालकों इस लाभ मिल सके। प्लांट के आवंटन से पहले डेयरी संचालक एसोसिएशन के साथ मिलकर बैठक करके डेयरी शिफ्टिंग का कार्य किया जाए।


हिसार। मेयर प्रवीण पोपली को मांग-पत्र सौंपते पशु डेयरी एसोसिएशन।

### अधिकारियों से किया जाएगा विचार: मेयर

पशु डेयरी एसोसिएशन ने मांग पत्र मुझे दिया है। इसको लेकर अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाएगा।

- प्रवीण पोपली, मेयर


हिसार। सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते मेयर प्रवीण पोपली।

# आपसी सहयोग को लेकर मेयर ने की सेना के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने सोमवार को सेना के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कार्यो में आपसी सामंजस्य बनाना। सेना और नगर निगम के द्वारा आपसी सहयोग के द्वारा समय-समय पर स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते है। इसके साथ आपातकालीन स्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

बैठक में सेना के अधिकारियों ने कहा कि शहरी क्षेत्र में सेना के आवागमन पर अतिक्रमण से परेशानी होती है। जिस पर अतिरिक्त निगमायुक्त ने सेना के अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि हिसार शहर से जब भी सेना का आवागमन होगा तो मुख्य रोड पर नगर निगम अतिक्रमण हटाने में पूरा सहयोग करेगा। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि रक्षा कर्मियों और उनके परिवारों सहित नागरिकों को लाभ के लिए अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त हो। इसके कारण पूर्व सेना कर्मियों के कल्याण के कार्य हो सके।

## नई पीढ़ी के लिए आधुनिक पाठ्यक्रम और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की अनूठी सौगात

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस विभाग ने वर्ष 2023 में अपनी स्थापना के बाद से ही तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। यह विभाग उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षण, नवाचार-प्रेरित शोध और अत्याधुनिक तकनीकी अवसंरचना पर बल देते हुए उत्तर भारत में एक अग्रणी शैक्षणिक विभाग के रूप में उभरा है। विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग में वर्तमान में विभाग में पीएचडी (कंप्यूटर साइंस) संचालित है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा जैसे समसामयिक शोध क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त एमएससी कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस) 60 सीटों, बीटेक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस) 60 सीटों, इंटीग्रेटेड बीएससी (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च)-एमएससी कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस ) 120 सीटों तथा इंटीग्रेटेड बीएससी )-एमएससी कंप्यूटर साइंस 50 सीटों के साथ संचालित किए जा रहे हैं।

> आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस विभाग तेजी से उभरता उत्कृष्टता का केंद्र

## गरीब पिता की बेटी बनी सबका आदर्श

# रेहड़ी वाले की बेटी ने किया स्कूल में टॉप

- स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हैप्पी पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के बच्चों ने हांसी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संत विजेंद्र दास आईपीएस ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रिंसिपल डायरेक्टर सुरेंद्र बेरवाल ने बताया कि मोनिका ने स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करते हुए 482 अंक प्राप्त कर शहर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मोनिका के पिता शहर में रेहड़ी लगाते हैं। वही किसान की बेटी हंसिका ने 481अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय तथा एक साधारण दुकानदार की बेटी रितु जांगड़ा ने 478 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि रितु जांगड़ा ने हरियाणा स्तर पर विज्ञान प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि स्कूल के 19 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रबंध कमेटी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चो को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।



हांसी। स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मोनिका को सम्मानित करते संत विजेंद्र दास आईपीएस उनके साथ हैं प्राचार्य सुरेन्द्र बेरवाल व छात्रा के अभिभावक।

## एसई ऑपरेशन सर्कल आज बिजली अदालत में करेंगे सुनवाई

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वकांक्षी कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं ताकि उपभाक्ताओं की समस्याओं की त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसई ओमबीर सिंह ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 20 मई को सुबह 11 से दोपहर 01 बजे तक अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल हिसार के कार्यालय में की जाएगी। एसई ओमबीर सिंह ने बताया कि एक कमेटी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।


एसई ओमबीर सिंह

### बिजली समस्या से ग्रामीण परेशान

**हिसार।** गांव बालसमंद में बिजली समस्या ने ग्रामीणों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है। ग्रामीणों ने सब डिवीजन कार्यालय में प्रदर्शन कर ट्रांसफॉर्मर बदलने और रात्रि में कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की है। हनुमान मंदिर गली में स्थित ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक लोड के कारण लगभग 30 घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।